## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 15.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **पश्चिम एशिया संकट के बीच मार्च 2026 से अब तक 14 लाख से अधिक छोटे गैस सिलेंडरों की बिक्री; करीब साढ़े चार लाख घरों में पहुंची पीएनजी की सुविधा।**
2. **रांची में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में महिला आरक्षण बिल का पुरजोर समर्थन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विपक्ष पर साधा निशाना।**
3. **राज्य सरकार और इंडियन बैंक के बीच स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के लिए आज होगा महत्वपूर्ण एमओयू, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री होंगे शामिल।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में 17 और 18 अप्रैल को लू का अलर्ट; मौसम विभाग ने पारा 40 डिग्री के पार जाने की जतायी संभावना।**
5. **राज्य के 11 प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सब–जूनियर भारतीय टीम के नेशनल कैंप के लिए चयनित, 19 अप्रैल से भोपाल में शुरू होगा अंडर–18 कोचिंग कैंप।**

************************

वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश में स्वच्छ ऊर्जा की पहुंच तेजी से बढ़ रही है। 23 मार्च 2026 से अब तक 5 किलोग्राम वाले 14 लाख 30 हजार से अधिक एफटीएल सिलेंडरों की बिक्री हुई है। वहीं, लगभग 4 लाख 40 हजार नए घरों में पीएनजी कनेक्शनों के माध्यम से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा, करीब 5 लाख नए ग्राहकों ने गैस कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की निगरानी में प्राथमिक भूमिका होगी।

************************

रांची के मोराबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन और पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना हर वादा पूरा करते हैं और कल से 18 अप्रैल तक संसद में महिला आरक्षण अधिनियम पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और पूर्व मेयर आशा लकड़ा ने इस अधिनियम को महिलाओं के सशक्तीकरण और नीति निर्धारण में उनकी भागीदारी के लिए ऐतिहासिक बताया। सम्मेलन में जुटी महिलाओं की भारी भीड़ ने महिला आरक्षण बिल के प्रति अपना पुरजोर समर्थन व्यक्त किया।

************************

बोकारो जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं से गरीब और साधनविहीन महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है। उज्ज्वला, मुद्रा और जनधन जैसी योजनाओं के साथ–साथ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं अब आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं

************************

रांची के प्रोजेक्ट भवन में राज्य सरकार और इंडियन बैंक के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री की उपस्थिति में होने वाला यह कार्यक्रम स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज पर केंद्रित है। दोपहर डेढ़ बजे होने वाले इस आयोजन में बैंकिंग सुविधाओं और कर्मचारी कल्याण पर विशेष चर्चा होगी।

************************

पलामू के पांकी में वर्ष 1973 से लंबित अमानत बराज योजना को राज्य सरकार ने तकनीकी स्वीकृति दे दी है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कल अधिकारियों के साथ कैनाल रूट का निरीक्षण किया। 608 करोड़ की लागत से पूरी होने वाली इस योजना की खासियत यह है कि बिना भूमि अधिग्रहण किए 400 किलोमीटर भूमिगत पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इससे पांकी, तरहसी और पाटन सहित पांच प्रखंडों की 23 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

************************

राजधानी रांची के प्रोजेक्ट भवन में आज दोपहर तीन बजे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बैठक में राज्य के विकास और जनहित से जुड़े कई बड़े फैसलों पर चर्चा की जाएगी।

************************

कोडरमा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

************************

रामगढ़ पुलिस ने एक विशेष अभियान के दौरान एक कुख्यात गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। तलाशी के दौरान इनके पास से एक लोडेड देसी पिस्टल, एक लोडेड देसी कारबाइन और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

************************

रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ कांस्टेबल गौरव की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत, गौरव ने अपनी जान पर खेलकर चलती ट्रेन से गिर रहे एक यात्री मोहम्मद नसरुद्दीन को प्लेटफॉर्म के गैप से सुरक्षित बाहर खींच लिया। जवान की इस सूझबूझ और बहादुरी की हर तरफ प्रशंसा हो रही है।

************************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में 17 और 18 अप्रैल को हीट वेव यानी लू की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने बताया कि अब गर्मी लगातार बढ़ने की संभावना है और पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।

************************

अंडर–18 एशिया कप की तैयारियों के लिए सब–जूनियर भारतीय टीम के कोचिंग कैंप में राज्य के 8 महिला और 3 पुरुष खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह विशेष कैंप 19 से 25 अप्रैल तक भोपाल स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी आफ़ इंडिया में आयोजित होगा। खिलाड़ियों का चयन हाल ही में हुई राष्ट्रीय चौंपियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

************************

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में झारखंड वॉलीबॉल संघ के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया गया। राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य खेल संचालन और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना है। इस अवसर पर खेल विभाग और झारखंड ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने वॉलीबॉल खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण और उज्जवल भविष्य पर जोर दिया।

************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बिहार में नीतीश कुमार के इस्तीफे और सम्राट चौधरी के राजग विधायक दल का नेता चुने जाने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– पहली बार भाजपा बिहार में सम्राट।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– रांची ट्रेजरी से भी 2 करोड़ की फर्जी निकासी, एक गिरफ्तार।

**दैनिक जागरण** के अनुसार– पशुपालन विभाग में 2 करोड़ 94 लाख का वेतन घोटाला।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– जैक के 11वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, 99.12 प्रतिशत विद्यार्थी पास, पिछले साल का टूटा रिकार्ड।

********समाप्त****************